## "जल जीवन मिशन" हर घर जल कार्यक्रम के अन्तर्गत विरचित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन के अनुमोदनार्थ दिनांक 02.07.2021 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की बैठक का कार्यवृत्त :–

जल जीवन मिशन 'हर घर जल' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों की पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु विरचित विस्तृत प्राक्कलन की स्वीकृति / संस्तुति पर निर्णय लेने हेतु पत्रांक 480 / डब्लू–30 / 111 दिनांक 30.06.2021 द्वारा दिनांक 02.07.2021 को अपराह्न 12:30 बजे जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की अध्यक्षता मे आहूत बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है:–

1. श्री अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
2. श्री डी0के0 दोहरे, जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
3. श्री एस रहमान, अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. श्री निर्मेश सिंह, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5. श्री विनोद कुमार, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
6. श्री ए0के0 राव, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
7. श्री एस0के0 श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, लखनऊ।
8. श्री शलभ श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, लखनऊ।
9. श्री ओ0पी0 मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।
10. श्री वी0के0 सक्सेना, जूनियर इंजीनियर, भूगर्भ जल विभाग, लखनऊ।
11. श्री वी0के0 पाण्डेय, सहायक अभियन्ता, नलकूप विभाग, लखनऊ।
12. श्री आशुतोष अग्निहोत्री, क्षेत्रीय सहायक, भूगर्भ जल विभाग, लखनऊ।
13. श्री वी0पी0 श्रीवास्तव, डी0आर0एफ0ओ0 फारेस्ट, लखनऊ।
14. श्री गिरीश चन्द्र साहू, डी0पी0आर0ओ0, लखनऊ।
15. श्रीमती सुधा पाण्डेय, ए0डी0आई0ओ0, लखनऊ।
16. श्रीमती रेनू कश्यप, परियोजना अधि0, बी0एस0ए0, लखनऊ।
17. श्री एम0 सतीश कुमार, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
18. श्री वी0बी0 सुब्बाराव राजू, प्रोजेक्ट मैनेजर, एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
19. श्री संतोष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष, नवदुर्गा सेवा संस्थान, लखनऊ।
20. श्री राजेश उपाध्याय, नेशनल इंस्टीटयूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज एण्ड एक्शन सत्या, जयपुर।
21. श्री अशोक द्विवेदी, नेशनल इंस्टीटयूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज एण्ड एक्शन सत्या, जयपुर।
22. श्री हरि ओम पाल, एस0पी0 ग्राम्य विकास एवं ग्रामोद्योग, लखनऊ।
23. श्री आनन्द प्रकाश सिंह, हिन्दू मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, लखनऊ।
24. श्री राहुल द्विवेदी, पी0एस0 सेवा समिति, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को उनकी मूलभूत आवश्यकताओं के अनुरूप समुचित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'जल जीवन मिशन' हर घर जल कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामीण हेतु नियमित रूप से गुणवत्ता युक्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। तदक्रम में नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 95 / छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल / 2010 टीसी–अ, दिनांक 21.01.2020 द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का गठन करते हुये पेयजल योजना के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश प्रभावी है।

उक्त के क्रम में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु पेयजल योजना के निर्माण हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पत्रांक 2143 / डब्लू–22 / एन0आई0टी0 / 2020–21 दिनांक 13.01.2021 द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद को कार्यदायी फर्म के रूप में सूचीबद्ध किये जाने के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 575 / ज0स0 / जल जीवन मिशन / ग्रा0वार सूची / 2020–21 दिनांक 30.01.2021 द्वारा चयनित 468 ग्राम पंचायतों / 672 राजस्व ग्राम की सूची उपलब्ध कराते हुए पेयजल योजना के निर्माण हेतु विस्तृत

प्राक्कलन (डी0पी0आर0) प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। तद्क्रम में जिला प्रशासन द्वारा 392 ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि उपलब्ध करा दी गई है। कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा वर्तमान तक 328 ग्राम पंचायतों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद द्वारा ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु पूर्व में प्रेषित 27 नग विस्तृत प्राक्कलन दिनांक 05.06.2021 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में संस्तुति के उपरान्त पत्रांक 395/डब्लू-30/82 दिनांक 05.06.2021 द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जा चुकी है।

अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद हेतु सूचीबद्ध कार्यदायी फर्म कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद उक्त 27 नग विस्तृत प्राक्कलन के अतिरिक्त प्रेषित एवं जांचोपरान्त ठीक पाये गये अन्य 52 नग विस्तृत प्राक्कलन जिसमें 52 नग ग्राम पंचायत/71 राजस्व ग्राम/157 मजरे पाइप पेयजल से आच्छादित होंगे उपलब्ध कराये गये है। प्राक्कलनों का परीक्षण करते हुए प्राक्कलनों में आवश्यक कमियों के निस्तारण उपरान्त नियमानुसार स्वीकृति/संस्तुति जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा प्रदान कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध कराया जाना है। प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग के शासनादेश सं0 1197/छिहत्तर-1- 2021-25 सम/2019, दिनांक 21.05.2021 द्वारा निर्धारित प्रारूप पर योजनाओं का विवरण संलग्न करते हुए 2 करोड़ से अधिक लागत की योजना की विस्तृत प्राक्कलन स्वीकृत हेतु राज्य पेयजल एवं स्वचछता मिशन को प्रेषित की जानी है एवं 2 करोड से कम लागत की योजनाओं की विस्तृत प्राक्कलन की स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा करते हुये सूचना राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध करायी जायेगी। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को स्वीकृति हेतु संस्तुति किये जाने पर निर्णय लिये जाने हेतु विस्तृत प्राक्कलन का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0सं0 | विकासखण्ड | ग्राम पंचायत का नाम | सम्मिलित राजस्व ग्रामों की संख्या | सम्मिलित मजरों की संख्या | अनुमानित लागत (रु0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बी0के0टी0 | अटेसुवा | 1 | 5 | 422.95 |
| 2 | बी0के0टी0 | शिवरी | 1 | 2 | 253.33 |
| 3 | मोहनलालगंज | काटा करौंदी | 1 | 1 | 306.99 |
| 4 | मोहनलालगंज | पतौना | 1 | 4 | 357.79 |
| 5 | मोहनलालगंज | गढ़ी मेहदौली | 2 | 7 | 770.78 |
| 6 | मोहनलालगंज | कमालपुर बिचलिका | 1 | 7 | 346.72 |
| 7 | मोहनलालगंज | मीरखनगर | 1 | 3 | 402.84 |
| 8 | मोहनलालगंज | करोरा | 1 | 2 | 412.56 |
| 9 | मोहनलालगंज | कुढा | 1 | 2 | 263.87 |
| 10 | मोहनलालगंज | कुशमौरा | 1 | 3 | 346.39 |
| 11 | मोहनलालगंज | मगटैया | 1 | 5 | 412.02 |
| 12 | मोहनलालगंज | पुरहिया | 1 | 2 | 325.54 |
| 13 | मोहनलालगंज | वीरसिंहपुर | 1 | 3 | 343.18 |
| 14 | मोहनलालगंज | रतनपुर | 2 | 3 | 308.47 |
| 15 | चिनहट | पल्टरी | 1 | 1 | 234.72 |
| 16 | चिनहट | धतिगरा | 1 | 3 | 303.40 |
| 17 | काकोरी | पुरैना | 2 | 2 | 288.79 |
| 18 | काकोरी | कुढाईटगांव | 1 | 3 | 301.03 |
| 19 | काकोरी | गहलवारा | 2 | 3 | 261.28 |
| 20 | काकोरी | फतेहगंज | 1 | 1 | 328.56 |
| 21 | काकोरी | काकराबाद | 1 | 1 | 324.51 |
| 22 | काकोरी | हरदोईया लालनगर | 1 | 2 | 271.75 |
| 23 | काकोरी | सफलपुर | 3 | 3 | 227.24 |
| 24 | काकोरी | थावर | 1 | 3 | 576.94 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | काकोरी | मनभौना | 1 | 1 | 222.75 |
| 26 | काकोरी | जलियामऊ | 1 | 2 | 291.84 |
| 27 | काकोरी | भलिया | 1 | 3 | 319.04 |
| 28 | काकोरी | गोशालालपुर | 1 | 3 | 281.82 |
| 29 | काकोरी | बरकताबाद | 1 | 3 | 272.77 |
| 30 | काकोरी | शिवरी | 2 | 5 | 562.41 |
| 31 | काकोरी | बशीगढी | 1 | 3 | 251.79 |
| 32 | काकोरी | सैदपुर महेरी | 3 | 5 | 361.51 |
| 33 | काकोरी | टेडवा | 2 | 2 | 257.35 |
| 34 | काकोरी | कटिगरा | 2 | 2 | 311.65 |
| 35 | माल | पारा भदराई | 1 | 9 | 455.21 |
| 36 | माल | मुड़ियारा | 1 | 7 | 395.76 |
| 37 | माल | शंकरपुर | 2 | 3 | 281.55 |
| 38 | मलिहाबाद | नवीनगर | 1 | 1 | 280.05 |
| 39 | मलिहाबाद | दौलतपुर | 2 | 2 | 318.34 |
| 40 | मलिहाबाद | गोसवा | 3 | 4 | 396.98 |
| 41 | मलिहाबाद | दुलारमऊ | 2 | 3 | 333.61 |
| 42 | सरोजनी नगर | नरायनपुर | 1 | 3 | 296.44 |
| 43 | सरोजनी नगर | बीबीपुर | 1 | 2 | 297.24 |
| 44 | सरोजनी नगर | भटगांव पाण्डे | 3 | 3 | 287.64 |
| 45 | सरोजनी नगर | कुरौनी | 1 | 8 | 625.43 |
| 46 | सरोजनी नगर | मेमौरा | 1 | 2 | 308.58 |
| 47 | सरोजनी नगर | गोदौली | 1 | 1 | 254.87 |
| 48 | सरोजनी नगर | मवई पड़ियाना | 1 | 1 | 327.73 |
| 49 | सरोजनी नगर | खसरवारा | 2 | 2 | 337.68 |
| 50 | सरोजनी नगर | नींवा | 1 | 3 | 321.98 |
| 51 | सरोजनी नगर | सादुल्लानगर | 1 | 1 | 248.95 |
| 52 | सरोजनी नगर | लोनहा | 1 | 2 | 494.43 |
| | | योग | **71** | **157** | **17787.05** |

अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु चयनित एजेन्सी को सहयोग करने हेतु इम्पलीमेनटेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) के दायित्वों/गतिविधियों यथा जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे, तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक सं0 2447/डब्ल्यू-314/जे0जे0एम0- आई0एस0ए0/2020-21 दिनांक 25.01.2021 द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। सूचीबद्ध इम्पलीमेनटेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) के मध्य कलस्टर का आवंटन जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 654/ल0सि0/जजीमि0-हर घर जल/कलस्टर वाइज सूची का प्रेषण/2020-21 दिनांक 05.03.2021 द्वारा किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | आई0एस0ए0 का नाम | कलस्टर सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायतो की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेशनल इंस्टीयूट आफ डेपलपमेन्ट स्टडीज एण्ड ऐक्शन रात्या, 1/469 चित्रकूट, सेक्टर-1, वैशालीनगर, जयपुर। | कलस्टर सं0-01 | चिनहट | 18 | 18 |
| | | | बी0के0टी0 | 22 | 94 |
| | | कलस्टर सं0-02 | बी0के0टी0 | 40 | |
| | | कलस्टर सं0-03 | बी0के0टी0 | 32 | |
| | | | माल | 8 | 8 |
| | | योग | | 120 | 120 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | हिन्दू मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75 ख, गुरुगोबिन्द सिंह मार्ग, लालकुआँ, लखनऊ। | कलस्टर सं0–01 | माल | 40 | 59 |
| | | कलस्टर सं0–02 | माल | 19 | |
| | | | मलिहाबाद | 21 | 61 |
| | | कलस्टर सं0–03 | मलिहाबाद | 40 | |
| | | योग | | 120 | 120 |
| 3 | पी0एस0 सेवा समिति, विनीतखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ। | कलस्टर सं0–01 | मलिहाबाद | 6 | 6 |
| | | | काकोरी | 34 | 47 |
| | | कलस्टर सं0–02 | काकोरी | 13 | |
| | | | सरोजनी नगर | 27 | 41 |
| | | कलस्टर सं0–03 | सरोजनी नगर | 14 | |
| | | योग | | 94 | 94 |
| 4 | एस0पी0 ग्राम्य विकास एवं ग्रामोद्योग संस्थान, 636/431 तकरोही, पोस्ट–चिनहट, सेक्टर–11, इन्दिरानगर, लखनऊ। | कलस्टर सं0–01 | सरोजनी नगर | 6 | 6 |
| | | | मोहनलालगंज | 34 | 74 |
| | | कलस्टर सं0–02 | मोहनलालगंज | 40 | |
| | | योग | | 80 | 80 |
| 5 | नव दुर्गा सेवा संस्थान, 288/145 नवदुर्गा मिक्सिंग लेब, आर्यनगर, नाका हिन्डोला, लखनऊ। | कलस्टर सं0–01 | मोहनलालगंज | 4 | 40 |
| | | | गोसाईगंज | 36 | |
| | | कलस्टर सं0–02 | गोसाईगंज | 40 | 40 |
| | | योग | | 80 | 80 |
| | | महायोग | | 494 | 494 |

कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद के संयुक्त महाप्रबन्धक (जे0जी0एम0) द्वारा अवगत कराया गया है कि अनुबन्ध के अनुसार विस्तृत प्राक्कलन विरचन का कार्य निम्नानुसार तीन फेज में किया जाना है:–

1. फेज–1 : 06 माह तक
2. फेज–2 : 07 वें माह से 11वें माह तक
3. फेज–3 : 12 वें माह से 14वें माह तक

प्रत्येक फेज में ग्रामों की सूची प्राप्त करने के 75 दिनों के अन्दर रु0 200 करोड़ के लागत की विस्तृत प्राक्कलन प्रेषित किया जाना है। प्रथम फेज में दिनांक 06.08.2021 तक 197 डी0पी0आर0, द्वितीय फेज हेतु दिनांक 05.01.2022 तक 197 डी0पी0आर0 व 17.04.2022 तक 74 डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया जाना है। प्रथम फेज में अब तक 27 डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है, जिसमें से 07 डी0पी0आर0 दिनांक 30.06.2021 की सम्पन्न एस0एल0एस0सी0सी0 की बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय, लखनऊ द्वारा अवशेष 20 डी0पी0आर0 की स्वीकृति न होने का कारण पूछने पर मे0 एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद के स्थानीय प्रतिनिधि श्री सतीश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष 20 नग डी0पी0आर0 मे वर्ष 2052 की प्रस्तावित जनसंख्या वर्ष 2022 की जनसंख्या से 80 प्रतिशत से अधिक होने के कारण समिति द्वारा उक्त 20 नग विस्तृत प्राक्कलन अस्वीकार कर दिया गया, उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि ऐसे विस्तृत प्राक्कलन जिसमें प्रस्तावित जनसंख्या 80 प्रतिशत से अधिक है अथवा प्रति व्यक्ति लागत रु0 6000.00 से अधिक है, उन ग्रामों का जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा भ्रमण कर उचित कारण देने पर डी0पी0आर0 पर विचार किया जा सकता है। फर्म द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान तक कुल 151 पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है, जिसमें से 25 नग विस्तृत पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन अगले सप्ताह जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को उपलब्ध करा दी जायेगी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) को निर्देश दिया गया कि समस्त आई0एस0ए0 ग्रामवार/तिथिवार कार्य योजना दिनांक 05.07.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला विकास अधिकारी द्वारा आई0एस0ए0 की तरफ से अलग-अलग बैठकों में भिन्न-भिन्न प्रतिनिधियों के प्रतिभाग करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये बैठकों हेतु प्रत्येक आई0एस0ए0 को दो व्यक्तियों के नाम देते हुये उन्ही व्यक्तियों को आगामी बैठको में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये।

समयक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त विवरण के अनुसार 52 विस्तृत प्राक्कलन, जिसमें 52 नग ग्राम पंचायत/71 राजस्व ग्राम/157 मजरे पाइप पेयजल से आच्छादित होंगे, को स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए, समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद एवं सहायोगी संस्थाओं (आई0एस0ए0) को अपने-अपने दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये। जिससे भविष्य में योजना निर्माण, जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन, गुणता नियत्रण एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि में कठिनाई उत्पन्न न हो।

**सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।**

05/07/21
(एस रहमान)
ok अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0- 497/ W-30/ 122 दिनांक 05 / 07 /2021

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।
5. जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
6. अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, (वि0/यॉ0) जल निगम लखनऊ।
8. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड लखनऊ
9. अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग लखनऊ।
10. प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ।
11. जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ।
12. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
13. जिला कृषि अधिकारी लखनऊ।
14. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी लखनऊ।
15. सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, लखनऊ।
16. स्थानीय प्रतिनिधि, मेसर्स एन0सी0सी0लि0 हैदराबाद।

05/07/21
(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता
ok